न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट, पाली
पीठासीन अधिकारी:: श्री एल.एन. मंत्री, आई.ए.एस

विविध :: 14 /2026
जीसीएमएस नम्बर :: 2026/46

प्रार्थी :— बनाम अप्रार्थीगण :—

"युनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा कार्यालय लालवानी चैम्बर्स, पाली राजस्थान जरिये प्राधिकृत अधिकारी श्री उमेश कुमार

1. मैसर्स जय भैरव प्रिन्टस प्रोपराईटर सुमित्रा बोहरा
2. श्रीमती सुमित्रा बोहरा प्रोपराईटर जय भैरव प्रिन्टस, पता— ओल्ड संजीवनी हॉस्पीटल बिल्डिंग, पीथ का बास, पाली द्वितीय पता 9, वेन्कटेश मार्ग, पाली तृतीय पता— सिन्धी कॉलोनी, पाली।
3. श्रीमती अनिता सुराणा पत्नी श्री अनिल कुमार, निवासी— प्लॉट नम्बर 136 खसरा नम्बर 1826/361, राजेन्द्र नगर विस्तार, पाली द्वितीय पता— 31, गजानन्द मार्ग, वार्ड नम्बर 12, पाली
4. श्री गौरव सुराणा पुत्र श्री अनिल कुमार, पता— प्लॉट नम्बर 44, 45, 46, 47 व 48 खसरा नम्बर 315, कामधेनु विहार पाली।
5. श्री भंवरलाल पुत्र श्री चतुर्भुज निवासी— प्लॉट नम्बर 12, राजेन्द्र नगर, पाली।

**प्रार्थना—पत्र अन्तर्गत धारा—14 सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एसेट्स एण्ड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटि इन्टरस्ट, 2002**

दिनांकः— 10.03.2026

जिला मजिस्ट्रेट पाली (राजस्थान)

यत प्राधिकृत अधिकारी, **युनियन बैंक ऑफ इंडिया ने** वित्तीय आस्तियो का प्रतिभूतिकरण औंर पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम —2002 SARFAESI Act 2002 की धारा 14 के तहत प्रार्थना—पत्र जरिये **अधिवक्ता श्री विरेन्द्र सिंह इन्दा ने मैसर्स जय भैरव प्रिन्टस प्रोपराईटर सुमित्रा बोहरा व अन्य** के विरूद्ध उक्त अधिनियम के अन्तर्गत ऋण के समय रखी गयी गिरवी सम्पत्ति का कब्जा लेने हेतु इस न्यायालय से अनुरोध किया है।

जिला मजिस्ट्रेट, पाली

2. कम्पनी के उपस्थित अधिवक्ता/प्रतिनिधि ने प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए यह बताया कि अप्रार्थी/ऋणी को बैक/कंपनी द्वारा दिनांक **30.08.2017** को **55,00,000/—( पचपन लाख रूपये) का** ऋण स्वीकृत किया गया। इस ऋण की एवज में निम्न जायदाद/सम्पत्ति बैंक के पास गिरवी रखी गयी है जिसका विवरण निम्नानुसार है —

| |
|---|
| श्रीमती अनिता पत्नी श्री अनिल सुराणा अवस्थित मारगेज आवासीय सम्पत्ति प्लॉट नम्बर 136, खसरा नम्बर 1826/361, राजेन्द्र नगर विस्तार, पाली में स्थित है। जिसकी चतुर्दिशाएं उत्तर में 25 फीट रोड, दक्षिण में 25 फीट रोड़, पूर्व में प्लॉट नम्बर 135 व पश्चिम में प्लॉट नम्बर 137 एवं 141 अवस्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 388.44 वर्गगज है। |

